उत्तर प्रदेश शासन,

ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-2,

संख्या-05/2017/2269/92-2-2017-191जॉच/2015

लखनऊ :: दिनांक:: 02 जनवरी,2017

कार्यालय-ज्ञाप

जनपद मिर्जापुर के विकास खण्ड-लालगंज में ग्राम पंचायत खरिहट कला में डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अंतर्गत 02 गलियो के निर्माण कार्यो में मुख्य प्राविधिक परीक्षक की जॉच आख्या में पायी गयी अनियमितताओं तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति संतोषजनक न पाये जाने हेतु प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाये जाने पर श्री टी0एन0 राय, तत्कालीन सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, प्रखण्ड–मिर्जापुर सम्प्रति पी0आई0यू0-बाराबंकी के विरूद्व उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली,1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित करते हुये प्रकरण की जॉच हेतु अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-गोरखपुर को पदेन जॉच अधिकारी नामित किये जाने की श्री राज्यपाल संहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

3- जॉच अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि विधिवत जॉच कार्यवाही पूर्ण कर जॉच आख्या (दो प्रतियों में) एक माह में शासन में उपलब्ध करायें।

श्री राज्यपाल के आदेश से,

सुरेश चन्द्रा
प्रमुख सचिव।

संख्या-05/2017/2269 (1)/92-2-2017 तददिनांक।

प्रतिलिति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।

2- मुख्य अभियंता (पू0क्षे0), ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

3- जॉच अधिकारी/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, परिमण्डल-गोरखपुर को अनुमोदित आरोप पत्र की संलग्नक सहित प्रति (दो प्रतियों में) इस आशय से प्रेषित कि आरोप पत्र में यथास्थान अपने हस्ताक्षर कर अपचारी अधिकारी को उपलब्ध कराते हुये प्राप्ति रसीद शासन में तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। **(छायाप्रति संलग्न)**

4- श्री टी0एन0 राय, तत्कालीन सहायक अभियंता, प्रखण्ड-मिर्जापुर सम्प्रति पी0आई0यू0-बाराबंकी द्वारा-निदेशक एवं मुख्य अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

5- अनुसचिव, ग्रामीण अभियंत्रण अनुभाग-1

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बाबू राम)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in